सप्तदश बिहार विधान सभा

तृतीय सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-29.07.2021 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र०सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री आलोक कुमार मेहता, स०वि०स० श्री ललित कुमार यादव, स०वि०स० श्री अजीत शर्मा, स०वि०स०	"सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार संकल्प संख्या-7446, दिनांक-23.07.2021 निर्गत कर राज्य के बेरोजगार युवाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है । राज्य के सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिना कूलिंग पीरियड के संविदा के आधार पर नियोजन करने का व्यवस्था संकल्प के जरिये कर रही है । उक्त संकल्प के लागू होने से एक तरफ तो सेवानिवृत्त अधिकारी / कर्मचारी पेंशन के साथ-साथ वेतन भी प्राप्त करेंगे वहीं दूसरी तरफ वर्षों से राज्य के सभी सेवाओं के कर्मियों एवं अधिकारियों को प्रोन्नति न कर उनके मनोबल में ह्रास कर रही है । यदि सरकार चाहे तो वरीय पदों पर कनीय पदाधिकारियों / कर्मचारियों को प्रोन्नति देते हुए कनीय पदों पर नयी नियुक्ति कर सकती है । बिना कूलिंग पीरियड के अधिकारियों का सेवानिवृति के उपरान्त नियोजन करने से एक तरफ तो उनके सेवा अवधि में निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह उत्पन्न होगा वहीं दूसरी तरफ सरकार के चहेतों को सेवानिवृति के बाद भी सरकार की तरफदारी का अवसर प्रदान करेगा । यह संकल्प राज्य सरकार की अदूरदर्शिता एवं बेरोजगारी को बढ़ावा देनेवाला है । ऐसे संकल्प को लोकहित में रद्द किया जाना आवश्यक है । अतः उपर्युक्त वर्णित अति लोकमहत्व के विषय की ओर हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	सामान्य प्रशासन

2. श्री कृष्णनंदन पासवान, स०वि०स० श्री अनिल कुमार, स०वि०स० श्री कुमार शैलेन्द्र, स०वि०स० श्री संजीव चौरसिया, स०वि०स० श्री पन्ना लाल सिंह पटेल, स०वि०स०	"भारत सरकार और बिहार सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वायल हेल्थ कार्ड योजना है । स्वायल हेल्थ के अंतर्गत मिट्टी की जांच कर कौन-सा रसायन उपयोग किया जाएगा इसकी जानकारी किसानों को दी जाती है । मानव जीवन के लिए कौन-से उपयोगी रासायनिक हैं, यह भी बताया जाता है । मिट्टी जांच मूलत: रसायन विज्ञान के डिग्रीधारकों द्वारा ही हो सकती है । राज्य के सभी जिलों में मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं हैं जिसमें "मृदा विश्लेषक मानव बल" के नाम से पद सृजित है । ये पद स्थायी रूप से अभी तक भरे नहीं गए हैं । कुछ ही जगहों पर दैनिक वेतनभोगी मृदा विश्लेषक मानव बल नियुक्त किया गया है जबकि राज्य में रसायन विज्ञान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर युवकों की संख्या काफी है । अत: किसान एवं राज्य हित में मृदा विश्लेषक मानव बल के स्थायी पदों के विरुद्ध रसायन विज्ञान के डिग्रीधारकों को स्थायी रूप से नियुक्त किए जाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	कृषि

भूदेव राय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-25/2021- 2353 / वि०स०, पटना, दिनांक- 28 जुलाई, 2021 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रिगण / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग / सामान्य प्रशासन विभाग तथा कृषि विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

28/7/21
(पांडव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-25/2021- 2353 / वि०स०, पटना, दिनांक- 28 जुलाई, 2021 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय / माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

28/7/21
(पांडव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।